ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने किया ध्वजारोहण

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्पबद्ध होने की जरूरत : प्रो. सिंह

वर्धा, 16 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारत संघ के 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के वाचस्पति भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत को एक समुन्नत राष्ट्र के रूप में विकसित राष्ट्र बनाने की जो कामना की थी उसे पूरा करने के लिए हम सभी को संकल्पबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज़ादी के समय में सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य में कविता एवं कहानियां लिखी गईं। उनमें से कवि गिरिजा शंकर माथुर की कविता को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही उपनिवेशवाद की बेड़ियां 15 अगस्त 1947 को टूट गई परंतु हमें आज भी सावधान रहने की





आवश्यकता है। स्वतंत्रता, बंधुता और समता सभी लोगों को प्राप्त हो इस दिशा में हमें काम करना चाहिए। देश के निर्माताओं खास कर संविधान के निर्माताओं ने जो प्रयास किए हैं, उसके कारण हमारा देश लगातार उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर होता चला गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत का जो सपना लेकर हम चल रहे हैं उसे हम जरूर पूरा करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए कुलपति ने कहा कि इस नीति के कार्यान्वयन में हम अन्यतम हैं। इस नीति में जो अपेक्षाएं की गई है उनको पूरा करने में हम अवश्य ही खरे उतरेंगे। विश्वविद्यालय के अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में सभी अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन लक्ष्यों और उद्देश्यों को लेकर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है उन्हें पूरा करने में हम अवश्य कामयाब होंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

ध्वजारोहण के पहले कुलपति प्रो. सिंह ने महात्मा गांधी और बोधिसत्त्व डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर



माल्यार्पण किया। ध्वजारोहण समारोह के दौरान मंच पर सभी अधिष्ठाता, पुस्तकालयाध्यक्षा, कुलसचिव, वित्ताधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह यांनी केले ध्वजारोहण
## भारताला विकसित राष्ट्र बनवण्याचा निर्धार करण्याची गरज : प्रो. सिंह

वर्धा, 16 ऑगस्ट 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात भारतीय संघराज्याच्या 78 व्या स्वातंत्र्यदिनाच्या समारंभात कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांच्या हस्ते वाचस्पती भवनाच्या प्रांगणात ध्वजारोहण करण्यात आले. यावेळी शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी आणि विद्यार्थ्यांना संबोधित करताना ते म्हणाले की भारताला विकसित राष्ट्र बनविण्याची आपल्या पूर्वजांची इच्छा पूर्ण करण्याचा आपण सर्वांनी निर्धार केला पाहिजे. ते म्हणाले स्वातंत्र्याच्या काळात सर्व भारतीय भाषांच्या साहित्यात कविता आणि कथा लिहिल्या गेल्या. कवि गिरिजा शंकर माथुर यांच्या कवितेचा दाखला देत ते म्हणाले की जरी वसाहतवादाच्या बेड्या १५ ऑगस्ट १९४७ रोजी तुटल्या असल्या तरी आपण आज ही सावध राहण्याची गरज आहे. सर्व लोकांना स्वातंत्र्य, बंधुता आणि समानता मिळावी यासाठी आपण या दिशेने काम केले पाहिजे. राष्ट्र निर्माते, विशेषत: संविधान निर्मात्यांनी केलेल्या प्रयत्नांमुळे आपला देश विकासाच्या आणि प्रगतीच्या मार्गावर सातत्याने वाटचाल करत आहे. विकसित भारताचे स्वप्न आम्ही नक्कीच पूर्ण करू, असा विश्वास त्यांनी व्यक्त केला. राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण 2020 चा संदर्भ देत कुलगुरू म्हणाले की या धोरणाच्या अंमलबजावणीत आम्ही आघाडीवर आहोत. या धोरणात केलेल्या अपेक्षा आम्ही नक्कीच पूर्ण करू शकू. विश्वविद्यालयाच्या शैक्षणिक आणि प्रशासकीय विकासाचा उल्लेख करून ते म्हणाले की विश्वविद्यालयाच्या यशामध्ये सर्व शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी आणि विद्यार्थी यांचा समावेश आहे. त्यांनी विश्वास व्यक्त केला की ज्या ध्येयांसाठी आणि उद्दिष्टांसाठी हे विश्वविद्यालय स्थापन करण्यात आले, ते पूर्ण करण्यासाठी आपण निश्चितच यशस्वी होऊ. यावेळी त्यांनी सर्वांना स्वातंत्र्यदिनाच्या शुभेच्छा दिल्या.

ध्वजारोहणापूर्वी कुलगुरू प्रो. सिंह यांनी महात्मा गांधी व बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यांच्या प्रतिमेस पुष्पहार अर्पण केला. ध्वजारोहण समारंभाच्या वेळी मंचावर सर्व अधिष्ठाता, पुस्तकालयाध्यक्षा, कुलसचिव, वित्त अधिकारी आणि परीक्षा नियंत्रक उपस्थित होते. यावेळी विश्वविद्यालयातील विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305